झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

20 My 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Daily Current Affairs Booster


**Website :** www.rnsacademy.in
**Email :** academyrns@gmail.com

Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 20 मई का इतिहास

- **1498 :** भारत के समुद्र मार्ग की खोज के बाद पुर्तगाली एक्सप्लोरर, वास्को द गामा कालीकट तक पहुंच गया।
- **1609 :** विलियम शेक्सपियर की कविताओं के पहले संग्रह का लंदन में प्रकाशन हुआ।
- **1867 :** रानी विक्टोरिया द्वारा रचित कला और विज्ञान फाउंडेशन के रॉयल अल्बर्ट हॉल का उद्घाटन किया गया।
- **1926 :** रेलवे श्रम अधिनियम पारित किया गया।
- **1927 :** सऊदी अरब को ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिली।

## 20 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अगले निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया हैं। वह दो साल के लिए इस पद पर बने रहेंगे। सूद कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह 25 मई को अपना कार्यभार संभाल करते हैं। वह सुबोध कुमार जायसवाल का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा हैं। उन्हे तीन साल पहले ही राज्य के पुलिस महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया गया था। प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई करने वाले सूद मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्हें मई 2024 में सेवानिवृत्त होना था, लेकिन अब उन्हें दो साल का निश्चित कार्यकाल मिलेगा और वह कम से कम मई 2025 तक इस पद पर बने रहेंगे।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय संस्थानों और बैंकों को निर्देश दिया है कि वे एक वैकल्पिक संदर्भ दर, मुख्य रूप से सुरक्षित ओवरनाइट फाइनेंसिंग रेट को अपनाएं और घोटाले से घिरे लंदन इंटरबैंक ऑफरेड रेट और मुंबई इंटरबैंक फॉरवर्ड आउटराइट रेट पर अपनी निर्भरता 1 जुलाई तक समाप्त कर दें। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि अधिकांश नए लेनदेन अब एसओएफआर ओर संशोधित मुंबई इंटरबैंक फॉरवर्ड आउटराइट रेट को बेंचमार्क के रूप में उपयोग करते हैं। आरबीआई को उम्मीद है कि बैंकों ओर वितीय संस्थानों के पास 1 जुलाई तक लिबोर से पूर्ण संक्रमण को सक्षम करने के लिए आवश्यक प्रणालियां और प्रक्रियाएं होगी।
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मई 2023 को समाप्त सप्ताह में 7.196 अरब डॉलर बढ़कर 595.976 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 11 महीने का उच्च स्तर हैं। इससे पहले एक सप्ताह पहले इसमें 4.532 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.536 अरब डॉलर बढ़कर 526.021 अरब डॉलर हो गई। स्वर्ण भंडार 65.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.315 अरब डॉलर हो गया, जबकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित भंडार 13.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.192 अरब डॉलर हो गया।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अनुसार अप्रैल में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर घटकर -0.92 प्रतिशत रह गई, जो मार्च में 1.34 प्रतिशत थी। यह कमी रॉयटर्स पोल से अनुमानित 0.2% की गिरावट से अधिक थी। मार्च 2023 की तुलना में अप्रैल 2023 के लिए डब्ल्यूपीआई में महीने दर महीने परिवर्तन 0.0% पर अपरिवर्तित रहा। लगातार 11वें महीने अप्रैल में डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रही हैं।
- तेलंगाना के 15 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी वी प्रणीत ने ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया, राज्य से छठे और भारत में 82 वें स्थान पर रहे। उन्होंने बाकू ओपन 2023 के अंतिम दौर के दौरान अमेरिका के जीएम हंस नीमन को हराकर यह उपलबिध हासिल की। इस जीत ने उन्हें 2500 विशेष रूप से 2500.5 की ईएलओ रेटिंग को पार करने में भी मदद की।
- भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की पहली बैठक ब्रसेल्स बेल्जियम में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य व्यापार, विश्वसनीय प्रौद्योगिकी ओर सुरक्षा से जुड़े गठजोड़ में रणनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय समन्वय मंच बनाना हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अप्रैल 2022 में नई दिल्ली में TTC के गठन की घोषणा की थी।
- एविएशन एनालिटिकल फर्म सीरियम की एक रिपोर्ट के मुताबिक जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया का सबसे समय का पाबंद एयरपोर्ट बन गया हैं। हवाई अड्डे ने 90.43 प्रतिशत समय पर प्रदर्शन दर्ज किया है। यह 90% को पार करने वाला एकमात्र हवाई अड्डा हैं। हैदराबाद हवाई अड्डे ने वैश्विक हवाई अड्डे और बड़े हवाई अड्डों दोनों श्रेणियों में चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया हैं।
- भारतीय अमेरिकी नागरिक गीता राव गुप्ता को अमेरिकी विदेश विभाग ने महिला संबंधी मुद्दों के लिए अपना दूत नियुक्त किया है। गुप्ता की नियुक्ति को अमेरिकी सीनेट ने 51 वोटों से मंजूरी दे दी हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व मधुमक्खी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 19 मई (B) 20 मई

(C) 21 मई (D) 22 मई

**(B)** विश्व मधुमक्खी दिवस हर साल 20 मई को मनाया जाता हैं। वर्ष 2018 से हर साल 20 मई को आधुनिक मधुमक्खी पालन के अग्रदूत एंटोन जनसा की जयंती को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मधुमक्खी दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इसका उद्देश्य मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना, मधुमक्खियों के संरक्षण के महत्व पर लोगों का ध्यान आकर्षित करना हैं।




**2. विश्व मेट्रोलॉजी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 मई (B) 17 मई

(C) 19 मई (D) 20 मई

**(D)** विश्व मेट्रोलॉजी दिवस हर साल 20 मई को मनाया जाता हैं। विश्व मेट्रोलॉजी दिवस 2023 की थीम वैश्विक खाद्य प्रणाली का समर्थन करने वाले मापन हैं। इस थीम को जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों और 2022 के अंत में 8 बिलियन की आबादी वाली दुनिया में भोजन के वैश्विक वितरण के कारण चुना गया था।




**3. संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह कब से कब तक मनाया जाता है ?**

(A) 15 से 21 मई 2023 (B) 16 से 22 मई 2023

(C) 20 से 27 मई 2023 (D) 21 से 28 मई 2023

**(A)** संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह मई में आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है जो सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता हैं। सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र क्षेत्री आयोगों द्वारा आयोजित किया जाता है, और यह सरकारों, गैर सरकारी संगठनों, व्यवसायों और व्यक्तियों सहित भागीदारों की एक विस्तुत श्रृंखला द्वारा समर्थित हैं।




**4. हाल ही में किस शहर में वैश्विक आयुर्वेद मेला आयोजित किया जाएगा ?**

(A) तिरूवनंतपुरम (B) कोलकाता

(C) नई दिल्ली (D) उत्तर प्रदेश

**(A)** ग्लोबल आयुर्वेद फेस्टिवल का पांचवां संस्करण 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक तिरूवनंतपुरम, केरल में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का विषय हेल्थकेयर में उभरती चुनौतियां और एक पुनरूत्थान आयुर्वेद हैं। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में आयुर्वेद की क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए दुनिया भर के आयुर्वेद चिकित्सकों और हितधारकों को एक साथ लाएगा।




**5. हाल ही में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन कहां आयोजित होगी ?**

(A) मुंबई (B) नई दिल्ली

(C) गुरूग्राम (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में अपराध और सुरक्षा पर जी 20 सम्मेलन कहां आयोजित होगी। गृह मंत्रालय 13-14 जुलाई को अपराध ओर सुरक्षा के युग में अपूरणीय टोकन और मेटावर्स पर एक जी 20 सम्मेलन आयोजित करेगा। दो दिवसीय सम्मेलन गुरूग्राम में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो की साझेदारी में होगा।



**6. हाल ही में वर्ल्ड बैंक ने किस देश में जूनोटिक रोग निवारण के लिए 82 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी दी है ?**

(A) भारत  (B) चीन

(C) फ्रांस  (D) जर्मनी

**(A)** वर्ल्ड बैंक ने भारत में जूनोटिक और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए 675 करोड़ रूपये के कर्ज को मंजूरी दे दी हैं। वर्ल्ड बैंक ने यह कर्ज भारत में मवेशियों के स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए बेहतर तरीकों को अपनाने के लिए दिया हैं, जिससे पशुओं से फैलने वाले इन जूनोटिक और संक्रामक रोगों को फैलने से रोका जा सके।




**7. सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को ट्रैक करने वाला पहला भारतीय शहर कौनसा बना ?**

(A) चेन्नई  (B) इंदौर

(C) भोपाल  (D) उदयपुर

**(C)** भोपाल नगर निगम यूएन हैबिटेट और 23 से अधिक स्थानीय हितधारकों ने 2030 एजेंडा की दिशा में प्रगति को ट्रैक करने के लिए स्वैच्छिक स्थानीय समीक्षा के उद्देश्य से सहयोग किया। भोपाल की स्वैच्छिक स्थानीय समीक्षा इसकी स्थानीय सरकार की क्षमता और प्रतिबद्धताओं को दर्शाएगी। भोपाल संयुक्त राष्ट्र अधिदिष्ट सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण को अपनाने वाला भारत का पहला शहर बन गया हैं।




**8. हाल ही में किसने आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बनाया है ?**

(A) रोहित शर्मा  (B) यशस्वी जायसवाल

(C) सूर्यकुमार यादव  (D) विराट कोहली

**(B)** राजस्थान रॉयल्स टीम के सलामी बल्लेबाज ओर भारतीय टीम के भविष्य यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक जड़कर एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया हैं। 21 वर्षीय जायसवाल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए एक मैच के दौरान महज 13 गेंदों में ही अपना अर्द्धशतक पूरा कर आईपीएल में सबसे तेज अर्द्धशतकका रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।




**9. हाल ही में आयुष मंत्रालय ने एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए किसके साथ समझौता किया है ?**

(A) ICMR  (B) UGC

(C) AIMS  (D) इनमें से कोई नही

**(A)** आयुष मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के बीच एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए एक समझोता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह सहयोग आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग करते हुए साक्ष्य का सृजन करने के लिए उच्च प्रभाव अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य देखभाल में राष्ट्रीय महत्व के चिन्हित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।



**10. हाल ही में किसे ट्विटर का नया सीईओ नियुक्त किया गया है ?**

(A) मनमीत कोलन  (B) नीली वेंदापुड़ी

(C) लिंडा याकारिनो  (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** ट्विटर की नई सीईओ लिंडा याकारिनो के नाम का एलान हो चुना हैं। उन्होंने एलन मस्क को इस पोस्ट के लिए रिप्लेस किया हैं। ट्विटर का सीईओ बनने के बाद उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ाने और बिजनेस को और मजबूत करने के लिए अपना प्लान शेयर किया हैं।

